दिनांक 20.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाई निगम महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने बोरिया मार्केट में पहुंचकर लोगों से किया सौजन्य मुलाकात'

भिलाईनगर/भिलाई निगम महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने आज सुबह 6.00 बजे बोरिया मार्केट मे पहुंच कर मार्केट क्षेत्र के लोगों से सौजन्य मुलाकात करते हुए चर्चा की। बोरिया मार्केट में उपस्थित लोगों ने महापौर एवं विधायक भिलाई देवेंद्र यादव को विधायक बनने पर बधाई दी व बोरिया मार्केट की समस्याओं को लेकर महापौर को अवगत कराया।

भिलाई निगम महापौर ने बताया कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें महापौर के साथ साथ अब विधायक के रूप में चयनित किया है निश्चित रूप से जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा तथा भिलाई को एक बेहतर भिलाई बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

देवेंद्र यादव ने कहा कि भिलाई की जनता ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है मैं सभी का धन्यवाद करता हूं।

आगे महापौर ने कहा कि बोरिया मार्केट को जल्द ही व्यवस्थित करने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के साथ विचार विमर्श कर कार्य योजना तैयार कराया जाएगा।

जनसम्पर्क अधिकारी